tapman

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 13 जनवरी 2025



12 गुणवत्ताहीन दो पहिया वॉटर टैंक सप्लाई जैम पोर्टल के साथ किया ...





10 स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात ...






## खबर संक्षेप



### रामभक्तों ने निकाली शोभायात्रा

**बालोद।** जिला मुख्यालय में रामभक्तों द्वारा आयोध्या में राम मंदिर निर्माण के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बाजे- गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। राम मंदिर निर्माण की पहली वर्षगांठ की खुशीयां मनाई गई। एक वर्ष पूर्व भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आयोध्या में की गई थी, जिसके एक वर्ष पूर्ण होने पर शहर मे रामभक्तों ने रथ में छोटे बच्चों को राम -सीता के वेशभूषा में रथ में सवार कर भक्ति गीतों के साथ भगवान राम के जयकारे लगाते हुए रामभक्त भक्ति गीतों में झूमते नाचते आगे बढ़ते शहर भ्रमण कर रहे थे।

### देवारभाट में मड़ई 17 को

**बालोद।** ग्राम देवारभाट में मेला मड़ई का आयोजन 17 जनवरी को किया गया है। जिसमें रात्रि में छत्तीगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी हरिशंकर, धानेश्वर, सूरज ने दी।

### मड़ई देखने गए युवक की बाइक चोरी

**बालोद।** मालीघोरी मंडाई देखने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक ग्राम घुमका से बाईक में मालीघोरी मंडई गया था। मामले में बालोद थाने में प्रार्थी की रिपोर्ट पर रविवार को अज्ञात चोर के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र उदित नारायण सिन्हा ने बताया कि शनिवार को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एडी 0102 को लेकर मालीघोरी मण्डाई देखने गया था, खपरी चौक के पास शाम करीबन 05.30 बजे मोटर सायकल को लाक करके खड़ी किया था। मण्डाई देख कर रात्रि करीबन 08.45 बजे आकर देखा तो मेरे खड़े किये गए स्थान पर मोटर सायकल नहीं था। जिसका आस पास पता तलाश किया कहीं पता नहीं चला।

### ट्रेन के एसी कोच में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**भिलाई।** रेलवे स्टेशन दुर्ग के यार्ड में खडी एसी थ्री टायर की कुछ बोगी कईं दिनों से खड़ी रखी गई थी। जहां गुड्स यार्ड में खड़ी खाली एसी स्पेयर कोच में शनिवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गई। कोच से धुंआ निकलता देख आरपीएफ और जीआरपी तुरंत मौके पर पहुंचे। जिला अग्निशमन और आपात कालीन सेवाएं विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## आयोजन

### 1900 पेंशनधारी वृद्धजनों को कंबल देकर किया गया सम्मान

# भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो विकास के माध्यम से सेवा का कार्य करती है : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्व. अटल बिहारी वायपेयी के जन्मशताब्दी के अवसर पर भाजपा शहर मंडल बालोद द्वारा 1900 पेंशनधारी वृद्धजनो को कंबल प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम नगर के रामकुमार जमुनादेवी फाउन्डेशन बालोद के सहयोग से सरदार पटेल मैदान आयोजित किया गया। इस दौरान दर्जन भर से अधिक कांग्रेसी से भाजपा में प्रवेश लिए जिसमें लोहारा से ममता शर्मा, शहर कांग्रेस मजदूर अध्यक्ष मनोज मालेकर, मंजू मालेकर के साथ कई लोगों को भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोना टुवानी द्वारा हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, रामकुमार जमुनादेवी फाउन्डेशन बालोद के प्रमुख ट्रस्टी व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पवन साहू, सुरेश निर्मलकर, लीला शर्मा, राजा दिवान, कमलेश सोनी, शहर मण्डल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, पेशन समाज अध्यक्ष आरएम चावड़ा अतिथि के रुप मे पंचासीन थे। सांसद भोजराज नाग ने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो विकास के माध्यम से सेवा का कार्य करती है। लोकसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने जो वादा किया था उसे वे निभा रहे है, वर्तमान मे 70 वर्ष से ऊपर के लोगों को आयुष्मान कार्ड देने का कार्य किया जाएगा। जहां पूर्व में केन्द्र में मोदी की सरकार थी व राज्य में कांग्रेस की सरकार थी जिसके कारण केंद्र सरकार की अच्छी योजना को रोकने व उसमें रोड़े डालने का काम कांग्रेस की सरकार करती थी, लेकिन वर्तमान में केन्द्र में मोदी की सरकार व राज्य में विष्णु देव की सरकार आने पर छत्तीसगढ़ का विकास साय- साय हो रहा है। योजना का लाभ व विकास अंतिम व्यक्ति तक मिले इसलिए बीजेपी की सरकार चुने।

■ दर्जनभर से अधिक कांग्रेसियों ने किया भाजपा में प्रवेश





### सम्मान पाकर कई की आंखें आई

स्वागत सम्मान समारोह के बीच वृद्धजन भावुक हो गए। सम्मान पाकर कईयों की आंखे भर आई। पेंशनधारी महिलाओं के बीच बैठी एक वृद्ध महिला इतनी भावुक हो गई कि कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत करने लाठी के सहारे जैसे- तैसे मंच पर चढ़ने लगी, जिसे कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों द्वारा सहारा देकर मंच में अतिथियों के पास ले जाया गया। जहां वृद्ध के मंच पर आने के बाद अतिथियो ने अपना स्वागत कराने के जगह उस वृद्ध महिला का सम्मान किया, जहां सांसद भोजराज नाग व अन्य पदाधिकारीयो द्वारा वृद्ध महिला को हार पहनाकर उनका आर्शीवाद लेकर उन्हे कार्यक्रम के बीच मे ही सबसे पहले कंबल प्रदान किया।



### अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचना ही एकत्व है

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा की अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचना ही एकत्व है, भाजपा अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने को ही विकास मानती है। उन्होने कहा 4 करोड़ रुपए बालोद के विकास के लिए स्वीकृत हुए है। जिसमे गंगा सागर तालाब में 60 लाख के विकास कार्य, कई वार्डो के साथ शीतला मंदिर, बुधवारी बाजार में टीन सेड की स्वीकृति हुई है। उन्होने कहा दिल्ली से 100 रुपए आए तो वह पूरा पैसे आप तक पहुंचे, वह पूरा पैसा विकास मे लगे, यह कार्य भाजपा के शासन मे ही संभव है। भाजपा बालोद के पूरे 20 वार्ड मे विकास की बयार लाने योजना तैयार कर चुकी है।

### 10 साल में बालोद शहर विकास से पिछड़ गया

पवन साहू ने कहा भाजपा का उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि सत्ता के माध्यम से लोगों का विकास करना है। पिछले 10 साल में बालोद शहर विकास से पिछड़ गया है, बालोद में विकास करना है तो भाजपा लाईये। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा केन्द्र मे मोदी सरकार है, राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार है, इसलिए बालोद में भी बीजेपी की सरकार बानाओ ताकि बालोद का विकास साय साय हो सके। विकास के लिए भाजपा को चुने।

# मिशन क्लीन सिटी की गतिविधियों की सीएमओ ने समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

चिखलाकसा नगर पंचायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ अरविंद नाथ योगी ने नगर पंचायत चिखलाकसा में सफाई, पेयजल, और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में किया गया।

■ सफाई, पेयजल, और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था का निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में गार्बेज फ्री सिटी में उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए प्रयासरत मिशन क्लीन सिटी की गतिविधियों की समीक्षा की गई। स्वच्छता दीदीयों को 7200 रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है। उनकी आय में वृद्धि के लिए गीले व सूखे कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है। इससे दीदीयों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए हर सप्ताह एमएमयू वाहन के माध्यम से उनका स्वास्थ्य जांच करवाया जा रहा है।

नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए टोल-फ्री नंबर 1100 पर समस्याएं दर्ज करवाई जा सकती हैं। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी सन्नी चौधरी, राकेश साहू, और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।





# पिकअप पलटने से महिला की हुई मौत, 12 घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

थाना देवरी के अंतर्गत खामतराई एवं मुजगहन के बीच पिकअप वाहन पलट गई। जिसमें सवार एक महिला की मौके मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार लगभग 12 अन्य लोग घायल हो गए, घायलों में तीन लोगों को राजनांदगांव रेफर किया गया। पिकअप वाहन में सवार सभी लोग शिव महापुराण सुनाने भंडेरा से हालेकोसा (छुरिया) गए हुए थे। मामले में संबंधित थाने मे पिकअप वाहन चालक के खिलाफ 106(1), 125(एं), 281 बीएनस के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना में घायल फुलमत बाई विश्वकर्मा निवासी ग्राम भण्डेरा ने बताया कि 4 जनवरी को ग्राम हालेकोसा में शिव पुराण कथा का आयोजन होना था।

■ वाहन में सवार लोग शिव महापुराण सुनाने भंडेरा से हालेकोसा छुरिया गए थे

जिसे देखने 3 जनवरी को गांव के लोगों के साथ हालेकोसा गए हुए थे। 10 जनवरी को शिव पुराण कथा का समापन होने पर करीबन 10-15 लोग गांव के ही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 08 एजे 4039 में बैठकर वापस गांव भण्डेरा जाने निकले थे, पिकअप वाहन को गांव के लोकेश साहू चला रहा था। चालक के साथ सामने भगवती प्रसाद विश्वकर्मा, अमरू राम साहू बैठे थे बांकि लोग पीछे बैठे हुए थे। 10 जनवरी को दोपहर करीबन 3 बजे ग्राम खामतराई मेन रोड में पहुंचे थे कि पिकअप वाहन चालक पिकअप वाहन रोड किनारे पलट गई, पिकअप वाहन के पलटने से कुमारी बाई विश्वकर्मा पति भगवती प्रसाद विश्वकर्मा 60 वर्ष निवासी भण्डेरा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही पिकअप में बैठे भगवती प्रसाद, अमरू राम साहू अन्य को चोटे आयी है।



# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर हुई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

अयोध्या के मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तिथि की पहली वर्षगांठ पर स्थानीय राममंदिर में 11 जनवरी को भगवान राम, जानकी माता, लक्ष्मण, हनुमानजी की प्रतिमा की अक्षत, कुमकुम, दीप,धूप, दुर्वा, फल, फूल अर्पित कर आरती कर सुख, शांति तथा समृद्धि की कामना की गई । नगर के राममंदिर में स्थानीय रामायण महिला मंडलियों द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंदिरों में इस शुभ दिन मूहूर्त में पूजा अर्चना रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

■ अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पर विविध आयोजन

उक्त भक्ति पूर्ण आयोजन में प्रेम शुक्ला, जीवन धनकर, बी.एल. वैष्णव, श्यामलाल सोनी, शिवम दुबे, रामनारायण धनकर, शेखर संतोषवार,आलोक गुप्ता, लेखराम साहू, ईश्वर चक्रधारी, शिवराम चक्रधारी, एम.आर. नायक, श्री मती सावित्री नायक, श्रीमती ममता जैन आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 22 जनवरी 2024 पौष शुक्ल द्वादशी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।

### साहिल का दावापूर्ण चार्ज होने पर 25 किमी तक का किया जा सकता है सफर

# छात्र ने बनाई ई साइकिल, अब आसानी से जा रहा है स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सायकल से स्कूल जाने मे आ रही दिक्कतों को देखते हुए युवक ने सायकल को मोडीफाई करते हुए उसे ई सायकल में तब्दील कर दिया है। जिससे अब वह बैटरी चलित सायकल के माध्यम से आसानी से स्कूल आने जाने के साथ घर के काम में सहयोग कर पा रहा है।

ग्राम देवारभाट निवासी साहिल देवांगन जो दो सालों से अन्य स्कूलों के विज्ञान प्रोजेक्ट बनाने का कार्य करता आ रहा है तथा प्रोजेक्ट के माध्यम से दूसरो की समस्याओं के हल करने का कार्य करता है ने स्वयं को हो रही समस्याओं को दूर करने की सोच रखते हुए अपनी सायकल को ई सायकल मे तब्दील कर दिया। ग्राम देवारभाट निवासी साहिल देवांगन 17 वर्ष पिता स्व. डिलेश देवांगन, माता तोमेश्वरी देवांगन का मूल निवास ग्राम सुरेगांव भेड़ी है, वर्तमान में वह अपनी नानी सरस्वती देवांगन के यहां देवारभाट मे रहकर पढ़ाई करता है। युवक पिछले 2 साल से प्रोजेक्ट बनाने का कार्य कर रहा है, जो कि रायपुर के एग्रीकल्चर कॉलेज के लिए भी प्रोजेक्ट बना चुका है। जिससे उसे कुछ आय प्राप्त हो जाती है। वर्तमान में साहिल स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला के कक्षा 12वीं कॉमर्स का विद्यार्थी है। जहां साहिल ग्राम देवारभाट से ग्राम झलमला 3.5 किलोमीटर कर सफर तय कर सायकल के माध्यम से स्कूल आना जाना करता था, जिससे उसे आने जाने मे अधिक समय के साथ दिक्कतो का सामना करना पड़ता था।







**4 घंटे में हो जाती है पूरी चार्ज :** वर्तमान में यह ई साईकिल से 250 किलो का वजन उठा लेता है और आसानी से 4 व्यक्ति इसमें बैठ सकते है और अन्य घरेलू सामान भी इसमे रखकर लाने ले जाने का काम किया जा सकता है, यह ई सायकल 4 घंटे में पूरी चार्ज हो जाती है, जिसमें पूर्ण चार्ज होने पर 25 किलोमीटर तक का सफर किया जा सकता है।

### कबाड़ियों व अन्य लोगों से सामान क्रय कर घर में ही किया मोडीफाई

साहिल देवांगन का दावा है कि उसने सायकल को ई सायकल बनाने की डिजाईन स्वयं से घर मे ही तैयार किया और उसे बनाने के लिए कबाड़ियो व अन्य लोगों से सामान क्रय कर घर में ही इसे मोडीफाई करने का कार्य स्वयं से किया। युवक को ई सायकल बनाने मे 1 माह का समय लगा, इस 1 माह के दौरान युवक ने कई बार ई सायकल को चालू करने तथा उसमे आई हुई कमीयो को दूर करने का काम किया, अततः युवक का प्रयास रंग लाया और उसने ई सायकल तैयार कर ली। साहिल देवांगन ने बताया कि जिसे बनाने के लिए बीस हजार रूपये की लागत आई।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में दीक्षांत समारोह

**रायपुर।** इंडियन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली के तत्वावधान में 57वां दीक्षांत समारोह राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज कैम्पस हांडीपारा में शुक्रवार को हुआ। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के पितामह डॉ. काउंट सीजर मैटी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. वी. कुमार द्वारा गत सत्र तक के पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक दुबे और काउंसिल अध्यक्ष डॉ. कुमार ने अपना संबोधन दिया। डॉ. राधिका यादव, डॉ. हसीना साहू, डॉ. भुनेश्वरी साहू, डॉ. कौशल्या कहार, डॉ. नितांशा साहू, डॉ. विभूति अग्रवाल, डॉ. घनश्याम साहू, डॉ. विजय देवांगन, डॉ. खिलेंद्र सेन, डॉ. सुभाष उमरे, डॉ. प्रवीण साहू, डॉ. अशोक दुबे, डॉ. वेदप्रकाश साहू, डॉ. विभा दुबे, डॉ. सीमा दुबे, डॉ. अशोक चक्रधारी, डॉ. डिगेश्वरी चक्रधारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मकर संक्रांति पर खारुन गंगा महाआरती 14 को

**रायपुर।** वाराणसी एवं प्रयागराज की तर्ज पर खारुन गंगा महाआरती का आयोजन राजधानी रायपुर के महादेवघाट तट पर लगातार होता आ रहा है। पर्व विशेष पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस बार 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है। खारुन गंगा महाआरती के संस्थापक एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर एवं खारुन गंगा महाआरती प्रमुख आचार्य धीरज शास्त्री ने बताया कि वैसे तो हर पूर्णिमा पर यह आरती होती है, पर इस बार महापर्व के रूप में मकर संक्रांति के दिन यह बड़े ही भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। 11 विद्वतजन ब्राह्मणों द्वारा महाआरती विधि-विधान से की जाएगी, इसमें अन्य लोग भी सहभागी बनेंगे। इसके बाद धार्मिक भजन संध्या में लल्लू भैया की प्रस्तुति होगी। पूरे आयोजन को भव्य रूप देने ऋषभ सिंह ठाकुर, सूर्या वर्मा, कायम सिंह, सुनील सिंह (बबलू), पप्पू सिंह, अखिलेश सिंह, प्रभात सिंह, प्रिया सिंह व पूरी टीम जुटी हुई है।

### गंदगी फैलाने वाले पर 4 हजार रुपए जुर्माना

**रायपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर राजधानी रायपुर में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर के विभिन्न बाजार एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी संचालित दुकानों और ठेला-गुमटियों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके तहत जहां भी सफाई का अभाव या गंदगी मिलने, सूखा और गीला कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं मिलने, नाली-नाले में कचरा डालने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को टीम ने जोन 5 क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद आश्रम के पास रायपुर विकास प्राधिकरण के आदर्श बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां संचालित ठेला-गुमटियों में सफाई का अभाव मिला। इस पर कार्रवाई करते हुए ठेला-गुमटियों के संचालकों पर जुर्माना लगाकर 4 हजार रुपए की राशि वसूल की।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गैलरी, स्पेस म्यूजियम और क्लाइमेट चेंज म्यूजियम की स्थापना की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक संस्थानों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों और पर्यावरणीय शोध से जोड़ना होगा। बैठक में उन्होंने प्रदेश में बड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की उपग्रह चित्रों के माध्यम से निगरानी करने की भी बात कही।

**आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह**

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करके छात्र-छात्राएं अपने जीवन को बनाएं उत्कृष्ट

हरिभूमि ▶▶ जामगांव आर

स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में रविवार को डा. हेडगेवार सदन में हुआ। विद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित हुए प्रतिभा खोज स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय स्थान पर प्रतिभा का प्रदर्शन किए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 266 पुरस्कार वितरित किए। जयंती समारोह में नुक्कड़ नाटक मोबाइल के दुष्परिणाम, अंधविश्वास, हिंदीभाषा का सम्मान, भारतमाता से वार्ता वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतिभाशाली बच्चों का मंच पर सम्मान किया

- प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

साहू समाज परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर अपना और देश के उज्वल भविष्य का इतिहास लिखे। उन्होंने कहा कि अपने अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वाहन करे नेक इंसान बन सकते है। नेक इंसान बनने के लिए माता पिता गुरु की बात माने और नश्वर संसार की रहस्यों को जाने जीवन मस्त होते चली जाएगी। साहू ने कहा कि जो लोग तनाव समस्या में जी रहे है निश्चित ही माता पिता गुरु के सानिध्य से दूर होंगे। गुरु रामकृष्ण परमहंस ने बालक नरेंद्र को स्वामी विवेकानंद बनने का मार्ग दिखा दिए। सच्चे गुरु की बात मानें जीवन में सफलता पाए। व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि आत्म को परम आत्मा बनाने का ज्ञान गुरु प्रदान करते है। भारत भूमि के युवा संत विचारक देश प्रेमी स्वामी विवेकानंद को गुरु ने ही ज्ञान दिए जिनकी जीवनी के हर पल में संस्कार की नई रोशनी निकल आती है। आध्यात्म योगी स्वामी विवेकानंद हाजिर जवाबी थे विदेश में एक महिला ने कहा कि आप जैसा पुत्र प्राप्ति के लिए आपसे विवाह करना चाहती है। तुरंत स्वामी जी कहा कि मुझ जैसा क्यों मुझे ही पुत्र माने माता। स्वामी जी भारतीय संस्कार और सभ्यता के मूर्ति मान है जिन्हें पढ़ते चले जाओ संस्कार और सभ्यता की गंगा बह निकलेगी।



### स्वामी जी ने गुरु की बात मानी और सफल हो गए

प्राचार्य पूरनलाल बारले ने कहा कि जो सुनते है समझते है वे ही आगे का अच्छा जीवन गढ़ते है। स्वामी विवेकानंद गुरु का सुने समझे तब इतिहास के पन्नों में अमर हो गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफल व्यक्ति के नींव में गुरु का मार्गदर्शन होता है आप भूल भुलैया में ना रहे कि यू ही कोई महान या अच्छा आदमी बन जाता है। बारले ने कहा कि गुरु शिष्य की सफलता को अपना गुरु दक्षिणा मानते है। पूर्व प्रधानाचार्य पवन बंछोर कार्यालय प्रमुख मंचासीन रहे।

### 266 पुरस्कार इनको किया गया वितरित

प्रथम स्थान बैडमिंटन चारुशिखा पंचम प्रथम, 100मीटर दौड़ संध्या ठाकुर षष्ठ प्रथम, लंबी कूद दीक्षा साहू सप्तम प्रथम रिलेरेस नूतन पंचम प्रथम, रिलेरेस दीक्षा सप्तम प्रथम, 200मीटर दौड़ संध्या ठाकुर षष्ठ प्रथम, शतरंज प्रिय नायक षष्ठ प्रथम, कैरम मोक्ष लक्ष्मी षष्ठ प्रथम, फुगड़ी भूमिका चतुर्थ प्रथम, 200मीटर दौड़ अर्चना प्रथम, 100मीटर दौड़ मीनाक्षी चतुर्थ प्रथम, गोला फेक तृप्ति साहू तृतीय प्रथम, ऊंची कूद अर्चना यदु चतुर्थ प्रथम, सुई धागा भूमिका चतुर्थ प्रथम, लंबी कूद तृप्ति साहू तृतीय प्रथम, योग आयुष षष्ठ प्रथम, योग चिराग चतुर्थ प्रथम, सुई धागा तेजांशु चतुर्थ प्रथम, लंबी कूद पारस चतुर्थ प्रथम, ऊंची कूद पारस चतुर्थ प्रथम को पुरस्कृत किया गया। 200मीटर दौड़ नितिन चतुर्थ प्रथम, 100मीटर दौड़ भुनेश तृतीय प्रथम, लंबी कूद विराट सप्तम प्रथम, ऊंची कूद ऋषभ षष्ठ प्रथम, कैरम रौनक षष्ठ प्रथम रहे। 100मीटर दौड़ विराट सप्तम प्रथम, गोली चम्मच रुद्र चंद्राकर द्वितीय प्रथम, गणित मेला टिकेश्वर चतुर्थ प्रथम, बैडमिंटन कियान चंद्राकर गोला फेक, प्रथम स्थान मेंढ़क दौड़ ख़ुशान उदय, गोली चम्मच यमन उदय, 25 मी. दौड़ यमन उदय, कुसएँ दौड़ बृजेश उदय, आलू दौड़ विजय द्वितीय, कुसएँ दौड़ विजय द्वितीय, 50 मी. दौड़ पुष्कर द्वितीय, मेंढ़क दौड़ ईशान प्रथम, गोली चम्मच रुद्र द्वितीय, सुई धागा देव्यांश प्रथम, जलेबी दौड़ अनुराग प्रथम , आलू दौड़ विजय द्वितीय, मेंढक दौड़ बहन वंशिका प्रथम, 50मी. दौड़ बहन रिद्धिमा द्वितीय, गोली चम्मच बहन सौम्या द्वितीय, आलू दौड़ बहन तानिया द्वितीय, फुगड़ी बहन ईशिका द्वितीय, कुसएँ दौड़ बहन भाव्या नायक द्वितीय, सुई धागा बहन तान्या बंजारे द्वितीय रहीं। जलेबी दौड़ बहन दीक्षारानी बंजारे प्रथम, गोली चम्मच बहन गुंजा साहू उदय, मेंढक दौड़ भूमिका साहू उदय, कुसएँ दौड़ बहन भूमिका साहू उदय, 25मी. दौड़ बहन भूमिका, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले, गोली चम्मच राघव यदु अरुण, मेंढ़क दौड़ देवांश उदय, कुसएँ दौड़ अनिरुद्ध उदय, मेंढ़क दौड़ पुष्कर द्वितीय, आलू दौड़ अनुराग प्रथम, कुसएँ दौड़ अनुराग प्रथम, गोली चम्मच ईशान प्रथम, 50मी. दौड़ रुद्र द्वितीय, गोली चम्मच धानी अरुण, मेंढ़क दौड़ रुचि उदय, कुसएँ दौड़ वाणी उदय, 25मी. दौड़ रुचि उदय, फुगड़ी वंशिका द्वितीय, कुर्सी दौड़ लावण्या प्रथम, गोली चम्मच पल्लवी द्वितीय, सुई धागा सौम्या द्वितीय, 50मी. दौड़ दिशा रानी प्रथम, मेंढ़क दौड़ रिद्धिमा द्वितीय रहीं।

दौड़ भैया तुषार द्वितीय कक्ष चतुर्थ, 100 मीटर दौड़ भैया द्वितीय डेविड कक्ष तृतीय, लम्बी कुद द्वितीया उमंग कक्ष चतुर्थ, सुई धागा भैया द्वितीया खोमेन्द्र कक्ष चतुर्थ, बहन रितिका द्वितीय सुई धागा कक्ष तृतीया, 100 मीटर दौड़ बहन रितिका कक्ष तृतीय, लंबी कुद बाहन अर्चना यदु द्वितीया कक्ष तृतीय, प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले, बैडमिंटन निशांत अष्टम, बैडमिंटन जयदीप एकादश, बैडमिंटन लोमश एकादश, बैडमिंटन आर्यन एकादश, बाली बाल किशन नवम, खो खो जाह्वी दशम, खो खो चारुशिखा पंचम, खो खो मोनिका सप्तम, खो खो दीक्षा सप्तम को पुरस्कृत किया गया। खो खो साक्षी षष्ठ, खो खो सुभ्रा एकादश, खो खो जस्मीन, द्वितीय स्थान कबड्डी उमंग चतुर्थ, कबड्डी अर्नव चतुर्थ, कबड्डी पारस चतुर्थ, बैडमिंटन प्रभाकर अष्टम, रलेरेस चरणाक्ष दशम, बैडमिंटन विनय दशम, रिलेरेस पोषण चंद्राकर दशम, रिलेरेस सुमीत धनकर दशम, बैडमिंटन अतुल दशम, 200मीटर दौड़ चरनाक्ष दशम, खो खो मोनिशा दशम, खो खो बहन पलक दशम, खो खो पोषणवी दशम, खो खो जागृति षष्ठ, खो खो दीक्षा सप्तम, बैडमिंटन लोमिता एकादश को पुरस्कृत किया गया।

**छाया विधायक बालोद राकेश यादव व लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने कराया प्रवेश**

# ब्लॉक कांग्रेस की पूर्व महिला अध्यक्ष पार्षद ममता सहित 60 ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भाजपा के सभी मंडलों में हाल ही में संगठन चुनाव के तहत नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही भाजपा आने वाले चुनाव की तैयारी को लेकर कमर कस कर जुट चुकी है और सदस्यता अभियान भी निरंतर जारी है। ताकि वोट बैंक को बढ़ाया जा सके। इसी क्रम में लोहारा की राजनीति में एक बड़ा फेरबदल हुआ। लोहारा में ब्लॉक कांग्रेस की महिला अध्यक्ष रही व वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद ममता शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया है।

छाया विधायक राकेश यादव और नगर के युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के नेतृत्व में उक्त महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रही वार्ड नंबर 4 की पार्षद ममता शर्मा ने स्वयं के साथ 60 लोगों को भी भाजपा से जोड़ दिया और एक जनाधार तैयार कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद भोजराज नाग सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पार्षद ममता शर्मा ने भाजपा में प्रवेश किया। इसका सभी ने उत्साहपूर्वक स्वागत सम्मान किया और उनके निर्णय को सही कहा। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्षद ममता शर्मा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने की बात कही है।





रविवार को कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला , बालोद मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, निर्वतमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, लीला लाले शर्मा के समक्ष महिला ब्लाक कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष व वॉर्ड नंबर 04 लोहारा की पार्षद ममता शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान भाजपा प्रवेश करने वालों सहित प्रमुख भाजपाइयों में शारदा यादव , ललिता यादव , ओम बाई निषाद, पुष्पा यादव, बसंती सिन्हा, कविता निषाद , सरला राजपूत, अनीता भंडारी , बसंती बाई केवट, पूजा शर्मा, आशा , जगनी बाई, लता देवांगन, सुगंधी तारे , वंदना सिन्हा, भारती सिन्हा, मधु देहारी , पुष्पलता देवांगन,जसराज शर्मा, निखिल शर्मा , ढाल साहू ,देव देवांगन सुमेंद्र देशमुख, उमेश मंडावी,हिरेंद्र गायकवाड़, प्रीतम साहू,जनक निषाद , प्रकाश साहू तथा बड़ी संख्या में सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मुढ़िया में गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा, किया गांव का भ्रमण

**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में भगवान श्री रामलला के श्री विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर समस्त ग्रामवासी के द्वारा कलश निकालकर बाजे गाजे के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया गया। उसके बाद मानस मंडलियो द्वारा रामायण का कार्यक्रम हुआ। यह जानकारी शिवकुमार सिन्हा ने दी है।



### भालूकोन्हा में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनी

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम भालूकोन्हा में अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांव पर भव्य कलश यात्रा के साथ ग्राम में भ्रमण किया गया। महिलाओं ने अपने-अपने घरों के सामने आरती उतार कर स्वागत सत्कार किया। श्रीराम की आरती के पश्चात श्री तुलसी महिला मानस परिवार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसके बाद खीर पुड़ी, भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें जनक ठाकुर,मनीष गांवरे, मोहन भुआर्य, योगेश भुआर्य, लीलाधर देहारी, धर्मेंद्र मार्गिया, रामदेव यादव, छबि लाल, पैमन मार्गिया, बालक राम, गैंदलाल मार्गिया, अशोक, सुंदर कुमेटी, रूमलाल कोकिला आदि की अगुवाई में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।



## आधी होने के बावजूद राज्य में एक भी जिपं अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिए नहीं : साहू

**गुण्डरदेही।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू ने कहा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं है, जबकि यहां आधी आबादी ओबीसी की है। प्रदेश की आधी आबादी जो अन्य पिछड़ा वर्ग का है, उस बहुसंख्यक आबादी के साथ भाजपा की साय सरकार अन्याय कर रही है। पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण का दावा करने वाले भाजपाई गायब हैं।



ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू ने रोष जताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में भी ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी। अब अनुसूचित क्षेत्रें में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है। यह ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय है। बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग में ओबीसी वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं जबकि यहां बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग की है।

## रामलला के मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का एक साल, मनाया गया उत्सव



**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर में 11 जनवरी शनिवार को अयोध्या में हिंदू पंचांग के अनुसार रामलला के मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाकर पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। जिसमें समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला**

# प्रत्याशी कोई भी कार्यकर्ता हो सकता है, मगर चुनाव भारतीय जनता पार्टी लड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग सहित भाजपा के नेताओं एवं मंडल स्तरीय चयन समिति के सदस्यों सम्मिलित हुए। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण की घोषणा होने के पश्चात भाजपा की प्रांतीय कार्यशाला संपन्न होते ही भाजपा जिला बालोद का जिला स्तरीय कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुआ।

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रत्याशी कोई भी कार्यकर्ता हो सकता है, मगर चुनाव भारतीय जनता पार्टी लड़ने वाली है। छत्तीसगढ़ का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं बालोद जिले का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने किया है। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। आज डबल इंजन की सरकार केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं लाई जा रही है। धरातल पर पारदर्शिता से आम जनता को लाभ दिलाने पंचायत व नगरी निकाय में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को विजय दिलाना है। केंद्र में मोदी जी की योजनाओं के साथ राज्य में हमारे घोषणा पत्र में किए सभी प्रमुख व बड़े वादे भारतीय जनता पार्टी ने 1 वर्ष में ही पूरे किए हैं। आसन्न चुनाव विशुद्ध रूप से कार्यकर्ताओं का चुनाव है, भाजपा जो कहती है करती है। आम जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर है। पंच, पार्षद से पार्लियामेंट तक भाजपा का भगवा ध्वज फहराएगा, इस चुनावी समर में सभी कार्यकर्ता उतर जाए। भारतीय जनता पार्टी की विस्तृत कार्य योजना प्रत्याशी चयन से चुनाव को भाजपा के पक्ष में अंतिम परिणाम तक पहुंचने सभी भाजपा कार्यकर्ता प्रत्याशी की तरह कमर कस चुके हैं। कार्यशाला का संचालन व आभार प्रदर्शन जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया।



**प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया बताई गई :** कार्यशाला की प्रस्तावना संबोधन जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किया। नगरी निकाय चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेता यशवंत जैन तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कार्यशाला व सोशल मीडिया के करणीय बिन्दु पर तथा हरिश कटझरे ने प्रदेश नेतृत्व से मिले कार्य योजना एवं कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक बातें रखी। मंडल स्तर पर भी विस्तृत कार्यशाला रखी जाएगी। इसके पश्चात 15 व 16 जनवरी को मंडल चयन समिति की बैठक से चयनित तीन नामों का पैनल 18 जनवरी तक जिले में प्राप्त होंगे। 19 जनवरी से जिला चयन समिति संभाग से अनुमोदन कर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। 30 जनवरी को प्रदेश का घोषणा पत्र जारी होंगे। 25 से 30 जनवरी के बीच कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। आमसभा रोड शो का भी कार्यक्रम निर्धारित कर घर-घर संपर्क पर्ची वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यज्ञदत शर्मा, अभिषेक शुक्ला, लेखराम साहू, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, त्रिलोकी साहू, संध्या भारद्वाज, नरेश साहू, जयेश ठाकुर, —तिका साहू, प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर ,कौशल साहू, प्रणेश जैन, सुरेंद्र देशमुख, पालक ठाकुर, रुपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी, देवेंद्र माहला, शिव धारमगुडे, शाहिद खान, टुकेश्वर पांडे, खेमलाल देवांगन, पुष्पेंद्र चंद्राकर, विश्वास गुप्ता, युवराज मारकंडे, प्रकाश सिन्हा, कुलदीप साहू, सुरेश साहू, विवेक वैष्णव, प्रमोद जैन, नंदकिशोर शर्मा, यादराम साहू, सौरभ जैन, मीना साहू, ललिता पीमन साहू, देवघर साहू, जनार्दन सिन्हा, पूनम जैन, लाल निवेन्द्र टेकाम, कोमल सोनकर, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## रविवि में 130 वृक्षों की कटाई विरोध में उतरी एबीवीपी

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के परिसर में बंजारी मंदिर के सामने और सीबीएस भवन के पास सैकड़ों वृक्षों की कटाई किए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अभाविप ने इसे पर्यावरण और विश्वविद्यालय के सकारात्मक वातावरण के लिए गंभीर खतरा बताया है। अभाविप रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा, भवन निर्माण और मंदिर के विस्तार के नाम पर लगातार वृक्षों की कटाई हो रही है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पूर्व में जिन उद्देश्यों से वृक्ष काटे गए, न तो उनके लिए किसी भवन का निर्माण हुआ और न ही मंदिर का विस्तार। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वृक्षों को काटने की बजाय, परिसर में पहले से उपलब्ध खाली भूमि का उपयोग करना चाहिए। यदि 130 वृक्षों की कटाई पूरी हो चुकी है, तो अभाविप यह मांग करती है कि विश्वविद्यालय प्रशासन तुरंत 1300 नए वृक्षों का रोपण करे और उनके संरक्षण के लिए सुनियोजित योजना बनाए।

## आहाना कथक में अव्वल कला सृजन सम्मान भी



**रायपुर।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा दुबई के जबिल कन्वेंशन सेंटर में 3 से 7 जनवरी तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति समारोह में रायपुर की आहाना अग्रवाल ने कथक नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही उन्हें कला सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व आहाना ने हरिद्वार, भिलाई और उज्जैन में आयोजित समारोह में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आहाना राजधानी रायपुर में संचालित 'अनहद ध्वनि संस्था की छात्रा हैं और प्रख्यात नर्तक गुरु युवराज बाग से 5 वर्ष की उम्र से नृत्य सीख रही हैं। इस संस्था की कु. प्लाक्षी वर्मा और श्रेयांशी वर्मा ने भी अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका नायर ने भी अपने शानदार नृत्य द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माहिरा शेख और संस्था की संचालिका शिप्रा अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

## मरीजों को अब बेड पर मिलेगी पैथोलॉजी रिपोर्ट

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब उनके बेड पर ब्लड सहित अन्य पैथोलॉजी रिपोर्ट मिलेगी, उन्हें सैंपल देने के लिए भी लैब तक नहीं जाना होगा। अस्पताल में भर्ती अंतःरोगी मरीजों के लिए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पैथोलॉजिकल जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल वार्ड में एकत्रित कर वार्ड ब्वॉय द्वारा लैब तक पहुंचाया जाएगा और जांच पश्चात ब्लड रिपोर्ट एकत्रित करके उसे संबंधित वार्ड में ऑन ड्यूटी नर्स को दिया जाएगा।

# गणित का डर नहीं! मात्र 20% ही ले रहे बेसिक मैथ्स, 80% को चाहिए 'स्टैंडर्ड', सिलेबस एक लेकिन पर्चे अनेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के छात्रों का भय गणित से खत्म हो गया है। सीबीएसई की दसवीं की परीक्षाओं के लिए छात्रों द्वारा भरे गए परीक्षा फॉर्म को देखकर ऐसा ही प्रतीत होता है। दरअसल सीबीएसई दसवीं कक्षा के छात्रों को विकल्प देता है कि वे बेसिक अथवा स्टैंडर्ड मैथ्स में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं। दोनों के ही सिलेबस एक समान होते हैं। लेकिन सीबीएसई इनके लिए प्रश्नपत्र पृथक-पृथक रूप से सेट करता है। सीबीएसई के मुताबिक, बेसिक गणित के प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल होते हैं। सिलेबस एक होने के साथ परीक्षा भी एक ही तिथियों में होती है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का मानना है कि कला और वाणिज्य संकाय में गणित के गहरे ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे में दसवीं कक्षा में गणित विषय का बेसिक ज्ञान रखने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में पदोन्नत किया जा सकता है। हालांकि बेसिक गणित लेने वाले विद्यार्थियों को आगे चलकर मैथ्स या साइंस ग्रुप लेने की पात्रता नहीं होती है। वे केवल कला और वाणिज्य संकाय का ही चुनाव कर सकते हैं।

## सीबीएसई दसवीं के विद्यार्थियों को देता है बेसिक और स्टैंडर्ड गणित चुनने का विकल्प

### बीते दो सत्रों से मिल रही छूट

बेसिक मैथ्स लेने वाले विद्यार्थियों के लिए विषय चयन संबंधित नियमों में सीबीएसई द्वारा पिछले दो सत्रों छूट दी जा रही है। सीबीएसई ने बेसिक और स्टैंडर्ड का कॉन्सेप्ट दो वर्ष पहले लाया था। ऐसे में शुरुआत से ही छात्रों को इसमें छूट मिल रही है। परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रवेश के दौरान सत्र 2022-23 और सत्र 2023-24 में बोर्ड ने बेसिक वाले छात्रों को भी गणित और विज्ञान में दाखिले की अनुमति प्रदान कर दी थी। आंकड़ों के मुताबिक, रायपुर जिले में ऐसे छात्रों की संख्या सिर्फ 2% ही है, जो दसवीं में बेसिक गणित लेने के बाद 11वीं कक्षा में विज्ञान अथवा मैथ्स का चुनाव करते हैं। प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार छात्र दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में शामिल होते हैं। इनमें से दसवीं के छात्र 28 हजार के करीब होते हैं।





### 80:20 का अनुपात

*जिले के विद्यालयों में स्टैंडर्ड और बेसिक गणित लेने वालों का अनुपात 80:20 का है। लगभग पूरे प्रदेश में यही स्थिति है। स्टैंडर्ड गणित लेने से सभी संकायों के विकल्प खुले रहते हैं।*

*-राजीव गुप्ता, अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन*

### कक्षाएं एक साथ

*बेसिक और स्टैंडर्ड दोनों ही गणित का चुनाव करने वाले विद्यार्थियों की कक्षाएं एक साथ संचालित की जाती हैं। सिलेबस एक होने के कारण सभी स्कूलों में यही व्यवस्था होती है।*

*- **आशुतोष सिंह**, संचालक, होली हार्ट्स स्कूल*

## इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक पर महिलाओं का बढ़ा विश्वास

# महतारी वंदन योजना से डाकघर में खुले 5 लाख से अधिक नए खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महतारी वंदन योजना की किस्त पाने के लिए पात्र महिला का बैंक में खाता खुला होने के साथ खाता आधार से जुड़ा होना तथा डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांजेक्शन (डीबीटी) कराना भी जरूरी है। बिना डीबीटी कराए किस्त की राशि हितग्राही के खाते में नहीं पहुंचेगी, लेकिन देखा यह जा रहा है कि सरकारी एवं निजी बैंकों में डीबीटी कराने के बाद भी किस्त की राशि महिलाओं के खाते में नहीं पहुंच रही है, जिसके कारण महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक बड़ी राहत दे रहा है। डाकघर के अधीन संचालित इस बैंक की सुविधा डाकघर में महतारी वंदन योजना के नाम पर खाता खोला जा रहा है। खाता खुलवाने के बाद डीबीटी कराने के लिए अगल से कोई फार्म भरने के लिए नहीं कहा जा रहा है, क्योंकि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सीधे डीबीटी से सत्यापित है, इसलिए डीबीटी के लिए अलग से कोई फार्म भरने की भी आवश्यकता नहीं है। यही वजह है कि इस बैंक में खाता खुलवाने वाली महिलाओं के खातों में हर महीने की किस्त भी पहुंच रही है।

विभाग भी महिलाओं को पोस्ट इंडिया बैंक में खाता खुलवाने भेज रहा

डीबीटी कराने के बाद भी जिन महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना की किस्त नहीं पहुंच रही है या फिर कुछ महीनों तक मिलने के बाद किस्त की राशि आना बंद हो गई है, इस प्रकार की समस्या लेकर कई महिलाएं संबंधित बैंक से लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के दफ्तर भी पहुंच रही हैं। बैंक में जहां महिलाओं को एक ही जवाब मिलता है कि उनका डीबीटी हो चुका है। इसके बाद भी किस्त नहीं आ रही है, तो संबंधित योजना पोर्टल के साफ्टवेयर में कोई गड़बड़ी हुई है।

इस तरह बैंक में समस्या का समाधान नहीं मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग में महिलाओं को खाता से आधार का नहीं जुड़ा होना या फिर डीबीटी नहीं होना कारण बताया जा रहा है। महिलाएं जब बैंक के हवाले से दोनों सहीं होना बताया जा रहा है तो विभाग द्वारा उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाने की सलाह दी जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बैंकों में डीबीटी सही तरीके से नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण किस्त की राशि भी अटक रही है, इसलिए उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाने के लिए कहा जा रहा है।





### 5 लाख 33 हजार नये खाते खुले

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में अब तक 5 लाख 33 हजार महिलाएं नये खाते खुलवा चुकी हैं। इन नए खातों के खुलने से राज्य में इंडिया पोस्ट के खाता धारक भी करीब साढ़े 12 लाख से बढ़कर 18 लाख के करीब पहुंच गए हैं। देश में खाता धारकों का यह आंकड़ा 10 करोड़ तक पहुंच चुका है।

### इन योजनाओं की राशि पाने भी खोले गए हैं 4 लाख से अधिक खाते

इंडिया पोस्ट बैंक में महतारी वंदन योजना के तहत नरेगा, प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा, पहल जैसी केंद्र सरकार की अन्य कई योजना के तहत भी लोगों ने खाते खुलवाएं हैं। इनमें नरेगा के तहत राज्य में 4 लाख तथा पीएम किसान योजना के तहत 2083 खाते खोले गए हैं।

### एक मिनट में खुल रहा खाता

अधिकारियों के अनुसार इंडिया पोस्ट बैंक में खाता खुलवाने के लिए भी ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ती। आधार की फोटो कापी एवं बायोमेट्रिक मशीन से फिंगर स्कैन करके एक मिनट के भीतर आसानी से धारक का खाता खुल जाता है।

### बैंक डीबीटी से सत्यापित, इसलिए दिक्कत नहीं

हमारा बैंक डीबीटी सत्यापित है। इसके लिए खाता धारक को अलग से डीबीटी कराने की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए महतारी वंदन योजना की किस्त भी महिलाओं के खाते में बिना किसी रुकावट के पहुंच रही है। देशभर में 96 प्रतिशत महिलाओं के खातों में किस्त की राशि पहुंच रही है। 4 प्रतिशत उन्हीं खातों में फेल है, जिसमें आधार-मोबाइल नंबर की गलत जानकारी दी गई है।

- **रवि कुमार सिंह**, क्षेत्रीय प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स रायपुर छत्तीसगढ़

## परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की हुई बैठक, बनी कार्यक्रम की रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से 2 फरवरी को शहीद स्मारक भवन में राष्ट्र स्तरीय सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में समाज की अहम बैठक हुई, जिसमें प्रचार-प्रसार के लिए पांपलेट का विमोचन कर प्रमुखजनों को जिम्मेदारी बांटी गई। सम्मेलन में छग के अलावा देश के कई राज्यों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने लिए भावी मनचाहा जीवनसाथी पसंद करने राजधानी पहुंच रहे हैं। इस पूरे आयोजन का प्रसारण एलईडी बड़ी स्क्रीन पर लाइव चलेगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सम्मेलन में भारी भीड़ उमड़ती है, जिनकी सुचारू व्यवस्था के लिए बैठक में पंजीयन, प्रवेश व्यवस्था, मंचीय संचालन, पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथि सत्कार, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर आदि के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी बांटी गई है।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीयन की सुविधा 31 तक

2 फरवरी को आयोजित होने जा रहे इस विशाल कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में प्रतिभागी न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी कार्यालय पहुंचकर अपना अग्रिम पंजीयन करा रहे हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीयन की यह सुविधा 31 जनवरी तक जारी रहेगी। बैठक में डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, पं. अंजोरदास बंजारे, टिकेंद्र बघेल, नंदकुमार कोसले, कृपाराम चतुर्वेदी, लाला पुरेना, अरुण मंडल, उतित भारद्वाज, डॉ. मन्नूलाल चेलक, संतोष महिलांग, सुभाष कुर्रे, सुखदास बंजारे, तुलाराम टंडन, धनेश्वरी डांडे, ममता सोनी, सुनंदा बघेल, संगीता बालकिशोर, गिलेश्वरी गायकवाड़, पुष्पा, दयाराम जांगड़े, कमल कुर्रे, राधेश्याम बंजारे, अश्वनी डांडे सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए भारत सरकार ने नगर निगम के कार्य को सराहा

# बारिश सीजन के 2 माह में 900 से अधिक रन वाटर पिट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के मौसम में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को संचित करने तथा भू-जल स्तर को बढ़ावा देने के लिए रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बारिश सीजन के दौरान दो महीने में 900 से ज्यादा रेन वाटर पिट तैयार कराए गए हैं, जिससे उन क्षेत्रों में पानी का जल स्तर भी बढ़ा है। स्थानीय क्रेडाई पदाधिकारियों व बिल्डर्स के सहयोग से निष्पादित किए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य के लिए भारत सरकार ने नगर निगम प्रशासन की सराहना की है। भारत सरकार ने जन सहभागिता से किए गए इस कार्य को सर्वोत्कृष्ट कार्य मानते हुए देशभर के नगरीय निकायों के लिए प्रेरक भी बताया है।

### नेशनल बिल्डर्स कॉन्फ्रेंस में निगम देगा प्रेजेंटेशन

इस प्रोजेक्ट से जुड़े हाइड्रोलॉजिस्ट के साथ नगर निगम के अभियंताओं को मार्च माह में बिल्डर्स के नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस में रायपुर नगर निगम को भी आमंत्रित किया गया है। इस कांफ्रेंस में नगर निगम जन भागीदारी से अत्यधिक कम समय में जल संचय व संरक्षण के लिए अपने निष्पादित कार्य की संपूर्ण रूपरेखा व रोड मैप का प्रजेंटेशन राष्ट्रीय स्तर पर देगा।



### जिन कालोनियों में वाटर हार्वेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं, वहां पिट तैयार

निगम क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग पिट तैयार करने के लिए उन कालोनियों को चुना गया था, जहां वाटर हार्वेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। निगम के मार्गदर्शन में इन कॉलोनियों में बारिश से पहले रेन वाटर पिट तैयार करने पर जोर दिया गया था। इस तरह केवल दो माह में ही 900 से भी ज्यादा रेन वाटर पिट तैयार किए गए, जो कि किसी भी नगरीय निकाय द्वारा जल संचय की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

### जल शक्ति विभाग ने की सराहना

जल शक्ति विभाग भारत सरकार ने देश के नगरीय निकायों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इसमें रायपुर नगर निगम द्वारा जन सहभागिता से मितव्ययी व आधुनिक तकनीक का उपयोग कर कम समय में 900 से भी अधिक रेन वाटर पिट तैयार करने पर रायपुर की सराहना की। बैठक में अन्य निकायों को भी रायपुर नगर निगम की तर्ज पर वर्षा जल संचय के लिए योजनाबद्ध कार्य करने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जो पहल की है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान व सराहना मिली है। आयुक्त के निर्देश पर निगम से संबद्ध हाइड्रोलॉजिस्ट डॉ. के. पाणिग्रही के तकनीकी मार्गदर्शन में ठोस रणनीति तैयार की गई। इसके तहत कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) और नगर निगम के जोन कमिश्नरों व अभियंताओं की निरंतर बैठक लेकर आयुक्त जल संरक्षण की दिशा में सभी को भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## जमीन भी फर्जी, बेचने वाला भी फर्जी, तीन गिरफ्तार

### महिला को जमीन बेचने झांसे में लेकर की दो करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जमीन बेचने के नाम पर ठगी का एक अलग तरह का मामला मंदिर हसौद थाना में आया है। जमीन बेचने के नाम पर दो करोड़ रुपए की महिला के साथ ठगी की गई है। ठगी के इस अनोखे मामले में किसी दूसरे का पहचान पत्र बनाकर ठगी की है। उस नाम की महिला ही नहीं है। इसके साथ ही जिस जमीन की रजिस्ट्री की गई, उस जमीन की वह मालिक ही नहीं है। ठगी की घटना में शामिल एक महिला सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शंकर



नगर निवासी महिला प्रवीण अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने देवंतीन वर्मा, सतीश कुमार सिन्हा तथा रुकनुद्दीन उर्फ रुक्कू को गिरफ्तार किया है। प्रवीण ने पुलिस को बताया है कि उसने मंदिर हसौद में जमीन खरीदने अलग-अलग खसरा नंबर की दो जमीन का दो करोड़ में सौदा किया था।

### रजिस्ट्री के बाद पता चला जमीन के साथ बेचने वाला फर्जी

प्रवीण ने पुलिस को बताया है कि सतीश तथा रुकुनुद्दीन ने देवंतीन को पुष्पा सारथी बनाकर उसके नाम से फर्जी पहचान पत्र बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराकर दो करोड़ रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराए। प्रवीण को बाद में पता चला कि उसने जिस पुष्पा सारथी नाम की महिला की जमीन रजिस्ट्री कराई है, उस नाम की कोई महिला ही नहीं है और न ही उसके पास कोई जमीन है। प्रवीण ने नवा रायपुर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। ऐसे में सवाल उठता है कि पुष्पा सारथी नाम की किसी महिला के नाम की कोई जमीन नहीं है, ऐसे में पंजीयन कार्यालय ने कैसे जमीन की रजिस्ट्री की।

## सवा तीन किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा तथा सिविल लाइंस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों के कब्जे से सवा तीन किलो गांजा जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक बदमाश तेलीबांधा थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

## डिप्टी सीएम शर्मा ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गैलरी, स्पेस म्यूजियम और क्लाइमेट चेंज म्यूजियम की स्थापना की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक संस्थानों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों और पर्यावरणीय शोध से जोड़ना होगा। बैठक में उन्होंने प्रदेश में बड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की उपग्रह चित्रों के माध्यम से निगरानी करने की भी बात कही। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग एस. भारतीदासन और संचालक तकनीकी शिक्षा विभाग ऋतुराज रघुवंशी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# महापौर पद के लिए कांग्रेस नेत्रियों ने सक्रियता के आधार पर की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में महापौर पद सामान्य महिला आरक्षित होने के बाद कई कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने दावेदारी की है। कांग्रेस के पूर्व विधायक की पत्नी सहित कई महिला कांग्रेस की पदाधिकारी इसमें शामिल हैं। इन कांग्रेस नेत्रियों का कहना है कि महापौर पद के लिए उनकी सक्रियता को ध्यान में रखते हुए पार्टी को उनकी दावेदारी पर विचार करते हुए टिकट देना चाहिए।

महिला कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं ने कहा है कि अब राजधानी की इस सीट के लिए नए लोगों को मौका मिलना चाहिए। आरक्षण तय होने के पहले कांग्रेस में चर्चित महिलाओं के नाम कम ही आने की संभावनाओं के बीच अब करीब दर्जनभर महिलाओं ने पीसीसी के समक्ष दावेदारी की है। दावेदार अब अपना टिकट पक्का करने दिल्ली दौड़ लगा रही हैं। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद उनकी सक्रियता और बढ़ने की संभावना है। कांग्रेस के निगम और विधानसभा चुनाव में सक्रिय नेताओं ने अपने दम पर पत्नियों का नाम आगे बढ़ाया है। वहीं कई ऐसी भी महिला कांग्रेस की नेत्रियां हैं, जो पहले निगम में पार्षद रह चुकी हैं, उन्होंने दावेदारी की है। कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जो कांग्रेस पदाधिकारी होने के साथ ही सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं, वे चाहती हैं कि उनका नाम यहां पर महापौर के टिकट के लिए तय हो। **कांग्रेस करा रही सर्वे:** कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डवार प्रभारियों की नियुक्ति पहले ही कर दी थी। प्रभारियों ने वार्ड की बूथ कमेटियों की बैठक लेकर वहां के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की है। वार्ड पार्षद और महापौर के लिए नाम सर्वे के आधार पर पार्टी तय करेगी।





### दस साल में मिला मौका

कांग्रेस नेत्रियों का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव में राजधानी रायपुर की सीट सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित हुई है। अब कांग्रेस को सक्रियता के आधार पर उन महिलाओं को मौका देना चाहिए, जो पार्टी के मुद्दों को आगे बढ़ाने के में आगे आ रही हैं। **ये हैं दावेदार :** अर्पणा संचेती, दीप्ति दुबे, पल्लवी सिंह, नीतू तिवारी, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, वंदना राजपूत, कविता ग्वालानी, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, निशा यादव, प्रगति बाजपेयी और परमजीत कौर जुनेजा ने दावेदारी की है।

## प्रदेश की आधी आबादी के साथ भाजपा सरकार कर रही है अन्याय

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं है। प्रदेश की आधी आबादी जो अन्य पिछड़ा वर्ग का है, उस बहुसंख्यक आबादी के साथ भाजपा की साय सरकार अन्याय कर रही है। पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण का दावा करने वाले भाजपाई गायब हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के कारण अधिकतर जिला और जनपद पंचायतों में भी ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### यशवंत बनाए गए कांकेर जिला प्रभारी



**बालोद।** नगर के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन को आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में फिर महती जिम्मेदारी दी गई है। इसके पूर्व भी वे कई चुनावों में प्रभारी के रुप मे जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व संगठन ने आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अपनी तैयारी में लग गयी है। प्रदेश संगठन ने राज्य के सभी जिलों में अपने वरिष्ठ एवं संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओ को जिला स्तर पर तैनात कर चुनाव जीतने योग्य प्रत्याशियों की तलाश शुरू कर दी है। इसी तारतम्य में बालोद जिले के पूर्व बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष यशवंत जैन को उनके लंबे व सफल नेतृत्व को देखते हुए कांकेर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि गत विधानसभा चुनाव में भी यशवंत जैन कांकेर जिले के प्रभारी थे। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में हर्ष है।

### हुलसिया बनी अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष



**डौंडीलोहारा।** नगर की हुलसिया (हुलसा) साहू को अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस दिल्ली केंद्रीय कार्यालय के आला पदाधिकारियों ने महामंत्री का दायित्व निभाते हुए प्रदेश में इनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के कारण 10 जनवरी को पदोन्नत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश के सामाजिक संस्थाओं,गैर सरकारी संस्थाओं व विभिन्न समाज के समाज प्रमुखों द्वारा एवं स्थानीय लोहारा नगर पंचायत के समस्त नगर वासियों , पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दीं गईं।

### चिचबोड़ बेलौदी में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 17 से

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चिचबोड़ बेलौदी में त्रिदिवसीय भव्य मानस सम्मेलन 17, 18, 19, जनवरी को रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि जनपद सदस्य तेजराम साहू, तुलाराम पड़ोटी, शिवेन्द्र कुमार मनघाटी, ओम प्रकाश यादव, ढाल सिंह साहू होंगे। जिसमें गुरु कृपा बाल संस्कार मानस मंडली बेलमंड, गंगा मानस मंडली टेकापार, गौरी महिला मानस मंडली रंगकटेरा, जय बजरंग मानस मंडली देवारभाट भारत सद्भावना मानस मंडली ढाबाडीह, श्रीराम जानकी मानस गिरधारी राम नगर भिलाई, पूजा बालिका मंडली बठेना धमतरी, भूमिका महिला मानस गुढ़ियारी, मोर नन्हे संगवारी देवरी भखारा, हर्षदीप मानस कोटरा, जय मां परमेश्वरी महिला मानस कोटरा, श्री राम जानकी मानस गिरधारी नगर दुर्ग भारत मानस मंडली सोरम धमतरी ओम मानस मंडली चिचबोड़ अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। 20 जनवरी को देव मंडई होगा, जिसमें माहूद बी के डांग डोरी व देवगण साथ में चिचबोड़ मंडई जिसे देखने आसपास की गांव सम्मिलित होंगे। रात्रि में भूल बिसरे छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी वालों का कार्यक्रम होगा।

### चौपाटी में सफाई मित्र सुरक्षा कैंप लगाया गया

**दुर्ग।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा कैम्प लगाया गया। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत सभी जीरो वेस्ट सेंटर सेंटर में कार्यरत सभी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी एसएलआरएम सेंटर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीपी, शुगर, कैल्शियम, ब्लड ग्रुप, थाइरॉइड, विटामिन एवं अन्य जांच किये गए एवं जांच उपरांत मेडिकल ऑफिसर डॉ श्रेया तिवारी द्वारा आवश्यक दवाइयां दीदियों को उपलब्ध करवाई गई।

---

**मांग**

**भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री साय से शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की**

# गुणवत्ताहीन दो पहिया वाटर टैंक सप्लाई जैम पोर्टल के साथ किया गया खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

चार पहिया वाहन वॉटर टैंक की सप्लाई संपूर्ण क्षेत्र में किया जाता रहा है। परंतु दल्ली राजहरा के आसपास ग्राम पंचायत में डौडी जनपद के अंतर्गत जनपद विकास निधि और 15 फाइनेंस का भरपूर दुरुपयोग किया गया है। जैम पोर्टल के नाम पर चार पहिया वाहन वॉटर टैंक को विकलांग कर दो पहिया वॉटर टैंक की सप्लाई कर दिया गया है। जिसे लेकर भाजपा नेता सौरभ लुणिया ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शिकायत पत्र कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन के चेतावनी दिया है। सौरभ लुणिया ने बालोद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे के अलावा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा है की गुणवत्ताहीन और घटिया किस्म की सामग्री की सप्लाई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह भाजपा नेता की सप्लाई हो या कांग्रेस नेता की गुणवत्ताहीन कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डौडी ब्लॉक के

- कलेक्टर इंद्रजीत ने दिए जांच के आदेश, मुख्यमंत्री को शिकायत

#### वॉटर टैंक सप्लाई में लापरवाही

दो पहिया घटिया गुणवत्ताहीन विकलांग वॉटर टैंक को लेकर भाजपा नेता सौरभ लुणिया ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और संबंधित अधिकारियों को एक शिकायत पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने घटिया और गुणवत्ताहीन दो पहिया वॉटर टैंकों की आपूर्ति के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दो पहिया विकलांग वॉटर टैंक सप्लाई में भयंकर भ्रष्टाचार और लापरवाही किया गया है,जहां सरकारी योजनाओं के तहत नागरिकों को जो सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, वे मानकों पर खरी नहीं उतर रहीं।

पटेली, छिंदगांव, सिंघोला, लिमऊडीह, बोरगांव आदि ग्राम पंचायत में घटिया और गुणवत्ताहीन दो पहिया टैंकर वहां की सप्लाई कर दिया गया, और अन्य सामग्री डस्टबिन फर्नीचर के अलावा अन्य कार्य को लेकर जैम पोर्टल के साथ खिलवाड़ किया गया। व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचने के लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुनीत सेन और अधिकारियों, कंप्यूटर ऑपरेटर सभी लोगों ने षडयंत्र पूर्वक कूटरचना साजिश रच कर सभी नियमों को दरकिनार कर दिया। जिसको लेकर भाजपा नेताओं के बीच काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।



**कार्रवाई होगी**

जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे ने कहा कि 15 फाइनेंस मद और जनपद विकास निधि को लेकर सौरभ लुणिया भाजपा नेता की शिकायत आई है। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच के बाद रिपोर्ट आने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। घटिया एवं गुणवत्ताहीन कार्य की सप्लाई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ,उसका भुगतान भी नहीं होगा।

#### 15 फाइनेंस मद में बंदर बाट

भाजपा नेताओं ने स्पष्ट कहा है कि अब कांग्रेस की सरकार नहीं है भ्रष्टाचार नहीं चलेगा, अधिकारी कांग्रेसियों के हिसाब से ना चले, जनपद पंचायत डौडी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी कांग्रेसी रहे हैं और दबाव में सभी कार्य कर रहे हैं सरपंच सचिवों का आईडी पासवर्ड अपने अधीन रखे हैं जो अपराध के श्रेणी में आता है, भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने आक्रोश भरे स्वरमें कहा है की दो पहिया वॉटर टैंक किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जैसे लेकर जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने भी जांच के आदेश दे दिए हैं ,और यह मामला आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की स्थिति में हो सकता है, बालोद जिले के पांचो विकास खंड के जनपद पंचायत में जनपद विकास निधि और 15 फाइनेंस मद में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ है बंदर बाट हुआ है बालोद जिला मुख्यालय सहित अन्य जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास के नाम पर विकास साहू ने विनाश किया है, सरपंच सचिवों को दबाव बनाकर आईडी पासवर्ड मंगा कर सप्लाई किया है ,जिसकी अब सूक्ष्म जांच होगी और दूध का दूध पानी का पानी अब जनता के सामने लाया जाएगा, भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने स्पष्ट कहा है कि चाहे यह कार्य भाजपा नेता का हो या कांग्रेस का गुणवत्ताहीन कार्य किसी भी स्थिति में अब नहीं होगा।

---

**शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में मना हिंदी दिवस**

# वैश्वीकरण के दौर में हिंदी भाषा की भी भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष गणित डॉ. समीर दशपुत्रे थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने की।

- प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों हिंदी पर अपने विचार किए व्यक्त

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथि एवं छात्र- छात्राओं द्वारा विश्व हिन्दी दिवस पर विचार व्यक्त किया गया। विकास साहू ने कवि पीयूष मिश्रा की कविता का वाचन किया। मनोज साहू ने विश्व हिंदी दिवस मनाने के संबंध में विचार व्यक्त किया। साथ ही डॉक्टर प्रकाश सिंह बादल ने हिंदी के साथ अन्य भाषा के तालमेल पर विचार व्यक्त किया। दीपिका कंवर ने हिंदी भाषा की बढ़ती हुई लोकप्रियता साहित्यकार एवं फिल्म की भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर प्रदीप कुमार प्रजापति ने भाषा के साथ सच्चे हृदय से जुड़ने पर बोल दिया। साथ ही हिंदी भाषा के प्रति अरुचि पर चिंता व्यक्त किया। मुख्य अतिथि समीर दशपुत्रे ने आज के वैश्वीकरण के दौर में हिंदी भाषा की भूमिका विषय पर अपना विचार रखा। साथ ही छात्र छात्राओं में दानेश्वर सिन्हा, यशवंत कुमार टंडन व गोपिका भारती ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता हिंदी लुकेश चंद्राकर ने किया।







#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र दीपिका कंवर, राजनीति विज्ञान विभाग मनोज कुमार साहू एवं प्रकाश सिंह बादल, गणित विभाग विकास साहू, कार्यालयीन कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# शिक्षा के साथ मातृशक्ति को सम्मान देने संस्कार सिखाने की भी पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सरस्वती शिशु मंदिर राहुद में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्या अध्यनरत छात्र- छात्राओं ने का सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, श्लोक वाचन आदि का प्रदर्शन किया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण महिलाओं का खेल प्रतियोगिता के रूप में मटका फोड़, मोमबत्ती जलाओ, गुब्बारा फुलाव, पिरामिड, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ आदि स्पर्धा हुई। इस अवसर पर संस्थान प्रभारी के रूप में विद्या भारती के पदाधिकारी केशव राम साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर मातृशक्ति को सम्मान देने के लिए संस्कार सिखाने की पाठशाला है। यहां योग विज्ञान, नैतिक शिक्षा, महापुरुषों का इतिहास, पर्यावरण, साफ सफाई आदि की शिक्षा दी जाती है। जिस प्रकार कोई भी अक्षर ऐसा नहीं जिससे मंत्र नहीं बनता हो, कोई भी वनस्पति ऐसी नहीं जिससे औषधि नहीं बनती हो, उसी प्रकार कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है, उसे योजनापूर्वक संस्कार देने की आवश्यकता है। बच्चों के साथ ग्राम की महिलाओं ने भी कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया।

- बच्चों व माताओं के लिए हुई प्रतियोगिताएं

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच यामिनी बांधे, पूर्व सरपंच यशोदा साहू, कुसुमा साहू, रेखा चंद्राकार, राधिका साहू, ठाकुर रामचंद्राकर, कुलदीप साहू, श्रीकांत वर्मा, नेम लाल यादव, रामखेलावन यादव, लोकनाथ साहू, पुनीत राम साहू, चेतन लाल साहू, मेघनाथ कुंभकार उपस्थित थे।

#### इनकी रही महती भूमिका

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गोविंद साहू, दीदीगण गीतू साहू, भोजेश्वरी साहू, वेदमाला निर्मलकर, केसर साहू, कीर्ति ठाकुर, रीना यादव, रोहिणी साहू, टिकेश्वरी साहू, रूपा यादव की महती भूमिका रही।

# गंगा मैया मंदिर प्रांगण झलमला में लगाया गया रक्तदान शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंगा मैया मंदिर प्रांगण झलमला में जगतगुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान जिला रत्नागिरी महाराष्ट्र द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिले के आम जनमानस से जुड़े हुए लोग रक्तदान शिविर का हिस्सा बने। संस्थान द्वारा जितने भी लोग रक्तदान कर रहे हैं उनको प्रमाण पत्र वितरण किया जा रहा है। इनके परामर्शदाता द्वारा बताया की लगभग 100 से अधिक आमजन रक्तदान का हिस्सा बने। इन सभी रक्तदाताओं के लिए फल, नाश्ते एवं भोजन की भी व्यवस्थाएं की गई। संस्था से जुड़े हुए लोगों में बालोद जिला के जिला निरीक्षक मेघनाथ निबुधे, जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर साहू, पीठ युवा प्रमुख सुषमा साहू, जिला सचिव अनूप साहू, ब्लड कैम्प प्रमुख भूपेश निषाद, रेड क्रॉस से डॉ. देवेंद्र एवं उनकी पूरी टीम और सभी तहसील एवं ब्लाक के प्रमुख लोग इस शिविर का हिस्सा बने।

### पीएम स्वनिधि योजना बनी वरदान बदल रही पथ विक्रताओं की जिंदगी

**डौंडीलोहारा।** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका को ध्यान में रखते हुए एक जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की गई है। नगरीय क्षेत्र में पथ विक्रेताओं को जो स्वयं के व्यवसाय को आगे बढ़ना चाहते हैं ऋण दिया जाता है। प्रथम ऋण के रूप में 10000 द्वितीय ऋण के रूप में 20000 एवं तृतीय ऋण 50000 रूपये का प्रावधान है। डौण्डीलोहारा निवासी संगम कुमार बाम्बेश्वर ने बताया कि बाजार में आलू प्याज व अन्य सामान ठेला लगा कर व्यवसाय कर रहा है। परन्तु लॉकडाउन के समय उनका व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया था। फिर प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अंतर्गत 10000 रूपये ऋण लेकर अपने व्यवसाय को फिर से चालू किया जिससे आमदानी में वृद्धि हुई है। अपने परिवार के साथ खुशहाल जिन्दगी व्यतीत कर रहे है। उक्त योजना आरंभ करने के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का उसने आभार व्यक्त किया है।



### विधायक रिकेश ने बंशीलाल भारद्वाज स्कूल को दिया टीवी...




**बालोद।** विधायक वैशाली नगर भिलाई रिकेश सेन एवं उनकी पत्नी द्वारा बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह बालोद के लिए 43 इंच का 1 टीवी सेट प्रदान किया है। विधायक रिकेश सेन ने इसकी घोषणा बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार व शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह के वार्षिकोत्सव समारोह में की थी। इस अवसर पर शाला समिति के प्रमुख पदाधिकारी ईश्वर लाल साहू, रोम लाल यादव, रोहित भारद्वाज, माया भारद्वाज, किशन कुमार विशेष रुप से आमंत्रित थे। समारोह का संचालन डा. साधुराम भारद्वाज ने किया।

**मानसगान सम्मेलन में पूर्व सीएम बघेल व विधायक कुंवर सिंह शामिल हुए**

# छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम और रामायण के प्रति अगाध श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम किलेपार व तवेरा में 10 व 11 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय स्वर मानसगान सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। जहां ग्रामीणो ने पुर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम और रामायण के प्रति श्रद्धा अगाध है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद भगवान श्रीराम से जुड़े प्रतीकों का सांस्कृतिक पहचान के तौर पर प्रोत्साहन बढ़ा है। भांचा श्री राम के प्रति लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस सरकार ने राम वन गमन पथ परियोजना लेकर आई। छत्तीसगढ़ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन और मानसगान के जरिए आराध्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे आयोजन ही हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को हमारी गौरवशाली परम्पराओं से अवगत कराते हैं।





कार्यक्रम में सोनादेवी शलहरा अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सुचित्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही भोजराज साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देविका बंजारे, जनपद सदस्य डॉ नारायण साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, केके राजू चंद्राकर, सलीम खान, आलोक चंद्राकर, मोंटू चंद्राकर, तरुण पारकर, संजय बारले, मानसिंह देशलहरा, तामेश्वर देशमुख, रवि तिवारी, गुलशन चंद्राकर, लिखन साहू, शिव कुमार साहू, पवन यादव, यशवंत साहू, डिलेशवर साहू, शत्रुहन साहू, पंचु राम साहू, परमानंद साहू, शारदा साहू, प्रदीप साहू व आयोजक समिति के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
28 फरवरी से 11 मार्च 2025, 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025, 09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411